हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

11 एनसीसी कैडेट्स को ए, बी तथा सी सर्टिफिकेट...



12 तोशाम अस्पताल में दवाइयों का टोटा उपचार...



## खबर संक्षेप

### गांव भैणी जाटान में खेत में खड़ी ट्राली चोरी

**बवानीखेड़ा।** गांव भैणी जाटान के किसान की खेत में खड़ी ट्राली चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दी शिकायत में भैणी जाटान निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसने सोमवार को खेत में गेहूं निकालने के लिए ट्राली को खड़ा किया था और सुबह देखा तो उसकी ट्राली नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सीवरेज व पेयजल समस्या समाधान के कैंप आज

**भिवानी।** आमजन की सीवरेज व पेयजल संबंधी समस्या के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा 26 अप्रैल को कैंप का आयोजन किया जाएगा। वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति ने बताया कि वार्ड-25 की सीवरेज व पेयजल संबंधी समस्या के समाधान के लिए हनुमान गेट स्थित जांगड़ा धर्मशाला में सुबह 10 बजे से एक बजे तक कैंप लगाया जाएगा।

### रणजी खिलाड़ी की स्मृति में रक्तदान शिविर 28 को

**भिवानी।** कैंसर मरीजों की मदद के उद्देश्य से रणजी खिलाड़ी अमित वशिष्ठ की स्मृति में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा 28 अप्रैल को मिनी बाईपास राधेकृष्ण बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं आयोजक जितेंद्र शर्मा व अनिल कुमार ने बताया कि शिविर में रक्तदाओं का हौसला बढ़ाने शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा पहुंचेंगे तथा रवि मुंढ़ाल व विपिन यादव का भी योगदान रहेगा।

# मच्छरों की भरमार से जीना हुआ दुश्वार, बुखार के रोगी बढ़ने लगे

## शाम ढलते ही मच्छर लगते हैं भिनभिनाने, बदलते मौसम का लोगों पर पड़ रहा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



मौसम के लगातार बदल रहे मिजाज का सीधा असर लोगों पर पड़ रहा है। दिन में गर्मी और रात को ठंडक की वजह से अचानक मच्छरों की संख्या में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। शाम के वक्त को स्थिति बेहद पतली हो जाती है। मच्छरों की वजह से खेतों के आसपास के इलाके में डटना बड़ा मुश्किल हो रहा है। वहीं मच्छरों के काटने से लोगों को मलेरिया ने भी जकड़ना शुरू कर दिया है।

शाम ढलते ही लोगों को मच्छरों से बचने के लिए घरों में मच्छर मारने वाली दवाओं का छिड़काव करना शुरू कर देता है। पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पास रहने की वजह से मच्छरों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। खेतों के समीप तो स्थिति बेहद दयनीय है। खेतों के समीप वाली बस्ती में शाम ढलते ही मच्छरों की फौज उतर आती है। जिसकी वजह से लोगों रुकना बड़ा मुश्किल हो रहा है। मच्छरों के काटने की वजह से लोगों में मलेरिया बुखार फैलने लगा है। ऐसे में रोजाना सामान्य अस्पताल या निजी अस्पतालों में बुखार से पीड़ित लोग पहुंच रहे है। यही स्थिति शहर व कस्बों की बनी है। इन जगहों पर भी शाम ढलते ही मच्छरों का भिनभिनाना शुरू हो जाता है। जिसका सीधा असर लोगों पर पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि मच्छरों के काटने से मलेरिया के अलावा डेंगू आदि भी फैलता है। मच्छरों की बहुतायत संख्या होगी। उतनी ही बीमारियां फैलेगी।

### जमा पानी ने बढ़ाई समस्या

शहर व कस्बों में अनेक जगहों पर दूषित पानी जमा है। दूषित पानी जमा होने की वजह से उनमें मच्छर पनप रहे है। खासकर घरों में रखे कूलर व कई दिनों से गमलों आदि में जमा पानी में मच्छर पनप जाते है और कुछ ही दिनों बाद उनकी संख्या में इजाफा होने लगता है। फिलहाल जिन इलाकों में पानी जमा है या फिर नमी बनी है। उन इलाकों में मच्छरों की संख्या सबसे ज्यादा बनी है। अगर जमा पानी की निकासी नहीं की गई तो आने वाले समय में मच्छरों की वजह से महामारी फैलने की आशंका बनी है।



भिवानी। शहर में निकाली जाने वाली जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### हमारा अपना फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निकाली जागरूकता रैली, सफाई का आह्वान

**भिवानी।** मलेरिया के रोक थाम व इस रोग के बचाओ के लिए हमारा अपना फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग, भिवानी ने संयुक्त रूप से शहर में जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन वर्धमान एवं प्राचार्या पुष्प लता, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ने घंटा घर चौक से होते हुए, एस डी स्कूल सराय चोपटा तक पहुँचकर, शहरवासियों को जागरूक किया तथा मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों से आह्वान किया कि वे अपने आस पास गन्दगी न फैलाएं व घरों में गन्दा पानी जमा न होने दें ताकि लार्वा उत्पन्न न हो सके और मच्छर पनपकर न काटें। इस तरह की सावधानी बरतने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस रैली में राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय, के सी एम आर्मी पब्लिक स्कूल, पब्लिक स्कूल बाल भवन और एस डी स्कूल के लगभग 175 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर हमारा अपना फाउंडेशन के अध्यक्ष सचिन वर्धमान ने स्वास्थ्य विभाग से जगदीश जांगड़ा एवं टीम द्वारा जागरूकता रैली को सुविधाएं मुहैया करवाने पर धन्यवाद किया। साथ ही साथ मलेरिया जैसी बीमारी से बचने के लिए लोगो से सावधानी बरतने को कहा। इस अवसर पर फाउंडेशन के सी ई ओ एस के सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ के अशोक शर्मा , बिसम्बर, पूजा, सुशील, प्रकाश, स्वाति, सुमन, शीतल, नीलम, दीपेंद्र, महेश डी पी ई, अमन, रिंकू व समस्त स्टाफ की भी भागीदारी रही ।

### एक मई से शुरू होगा रैपिड फीवर सर्वे

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से निपटने की तैयारी पूरी कर ली है। मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक मई से दस मई तक रैपिड फीवर सर्वे करवाने जा रहा है। उक्त सर्वे में यह जानकारी हासिल की जाएगी कि किस व्यक्ति को मच्छर के काटने से बुखार हुआ है। उस व्यक्ति के ब्लड के सेम्पल लिए जाएंगे और जांच के लैब में भेजा जाएगा। इनके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने दूषित तालाबों में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए गम्बूजा मछलियां डाली गई है। फिलहाल जिले के 296 तालाबों में इन मछलियों को डाला गया है। ताकि पानी के उपर मच्छर अंडे देते है और उस अंडे को ये मछलियां खा लेती है। जिससे मच्छरों की संख्या पर विराम लगाया जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ.शांडिल्य ने बताया कि जिले में सभी सब सैन्टर, पीएचसी, सीएचसी, एसडीएच तथा जिला मुख्यालय पर विश्व मलेरिया दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मलेरिया के लक्षण तेज बुखार आना, सिरदर्द होना,उल्टिया होना, सर्दी लगना आदि हैं।

### विद्यार्थियों को विश्व मलेरिया दिवस पर किया जागरूक



**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में सुभाषचंद्र बोस सदन ने विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मलेरिया की रोकथाम, नियंत्रण और उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां करवाई, जिसमें छात्र अमन व छात्रा पर्णिका ने हिंदी व अंग्रेजी भाषण द्वारा मलेरिया दिवस पर विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर मलेरिया के दुष्परिणामों को दर्शाया। विज्ञान शिक्षिका ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और कहा कि ये दिन मलेरिया के खिलाफ जारी लड़ाई में महान उपलब्धियों का प्रतीक है। मलेरिया रोग की बेहतर समझ और इसका इलाज कैसे किया जाए, इसके लिए लोगों को जानकारी प्रदान कर जागरूक करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्या रेनू सैनी, नीलम गौतम, अमिता शर्मा, सारिका पंडित, सुनीता शर्मा,अध्यापक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा, प्रबंधक आनंद बासिया तथा समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने सदन प्रभारी तथा विद्यार्थियों को कार्यक्रम की बधाई दी।

### आदर्श कोचिंग सेंटर के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




**चरखी दादरी।** आदर्श कोचिंग सेंटर परिसर में विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सेंटर संचालक आदेश वत्स की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने सबको इस रोग से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों को अपनाने का आहवान किया। आयोजन में विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार एवं सिविल सर्जन चरखी दादरी के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग नागरिक अस्पताल में कार्यरत अनिल, दीपक, अशोक व विकास ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज नाम के मच्छर से काटने के कारण होने वाली बीमारी है और इससे जान को खतरा हो सकता है। बारिश के मौसम या नम वातावरण में ये मच्छर तेजी से पनपते हैं और इस बीमारी का प्रकोप होने लगता है। मलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। इसके बचाव के लिए मच्छरों को अपने आसपास न पनपने दें। पानी के बर्तनों व टंकियों को ढककर रखें, अपने आसपास गंदा पानी जमा न होने दें इसके अलावा खड़े पानी में मिट्टी का तेल या काला तेल डाल दें।

## बाल मजदूरी मिलने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत होगी कानूनी कार्रवाई : संदीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**अभियान**

■ जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा 15 मई तक बाल श्रम रोको अभियान चलाया जा रहा है

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा 15 मई तक बाल श्रम रोको अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बाल एवं किशोर श्रमिकों के बचाव एवं पुनर्वास अभियान के तहत पुलिस विभाग तथा श्रम विभाग के सहयोग से जिला टास्क फोर्स कमेटी द्वारा जिला के दुकानदारए होटलए रेस्टोरेंट व अन्य संस्थानों पर 18 साल से कम आयु के बच्चों से काम ना लेने के बारे जागरूक किया जा रहा है। बाल मजदूरी मिलने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में जिला टास्क फोर्स कमेटी की टीम द्वारा जिला के विभिन्न स्थानों पर बाल श्रम रोको अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में विशेषकर दुकानदार, होटल, रेस्टोरेंट व अन्य संस्थानों पर 18 साल से कम आयु के बच्चों से काम न करवाने बारे जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत उन्हें बताया जा रहा है कि बाल अधिनियम की उंल्लघना करने वालो के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत दोषी व्यक्ति को सजा व जुर्माना दोनों हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बाल श्रम करवाने वाले दुकानदारों, होटल, ढ़ाबे, ईंट भटटे आदि पर भी छापामारी की जा रही है। अगर कोई भी बाल श्रम करवाता पाया गए तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आमजन से भी अपील की जा रही है कि वे कीं पर भी अगर बाल मजदूरी हो रही हैए तो उसकी सूचना तुंरत पुलिस या जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और बाल मजदूरी करवाने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा चाईल्ड हैल्प लाइन नंबर 1098 पर भी शिकायत दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि बाल श्रम जागरूकता अभियान 15 अप्रैल से शुरू किया हुआ है और यह 15 मई तक चलाया जाएगा।

### वोटिंग मशीन का पहला रैंडमनाइजेशन संपन्न

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर की उपस्थिति में लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट का पहला रैंडमनाइजेशन किया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कम्प्यूटर स्क्रीन पर जिले के दोनों विस क्षेत्रों की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट का रैंडमनइजेशन दर्शाया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रैंडमनाइजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया का अध्ययन किया और इस पर संतुष्टि जाहिर की। बैठक में रैंडमनाइजेशन के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों को अलॉट हुई हैं। रैंडमनाइजेशन में बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट दोनों की अलग-अलग सूची तैयार की गई है। उल्लेखनीय है कि बैलेट यूनिट वह होती है जिस पर मतदाता बटन दबाकर मतदान करता है जबकि कंट्रोल यूनिट ड्यूटी कर रहे बूथ के चुनाव अधिकारी के नियंत्रण में होती है। उपायुक्त ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि रैंडमनाइजेशन प्रक्रिया के बाद जिला सहायक निर्वाचन अधिकारियों को सूची के साथ ईवीएम को सौंप दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ये सभी ईवीएम निर्धारित स्ट्रांग रूम में रखी जाएगी और वहां इन पर उम्मीदवारों के नाम व चुनाव चिह्न प्रदर्शित किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों को भी पूरी व्यवस्था दिखाई जाएगी। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे मौके पर जाकर इन मशीनों की जांच कर सकते हैं।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने खुला दरबार लगाकर सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ नागरिकों ने अधिकारियों को मौके पर ले जाकर सीवर संबंधी समस्याएं दिखाई

■ वार्ड 23 के लिए खाडी महोल्ला में प्रजापत धर्मशाला में तथा वार्ड 24 के लिए सेवाराम वाटिका में जनता दरबार लगाया

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने उपायुक्त नरेश नरवाल के आदेशानुसार वीरवार को वार्ड नंबर 23 के लिए खाडी महोल्ला में प्रजापत धर्मशाला में तथा वार्ड 24 के लिए सेवाराम वाटिका में जनता दरबार लगाया। नागरिकों ने पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाने की मांग रखी। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम के चलते डीसी नरवाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शहर में नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या नहीं बननी चाहिए। डीसी नरवाल के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने वीरवार को वार्ड नंबर 23 के लिए खाडी महोल्ला में प्रजापत धर्मशाला में तथा वार्ड 24 के लिए सेवाराम वाटिका में जनता दरबार लगाया। विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों की पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याएं सुनी और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

जनता दरबार में विभाग के उपमंडल अभियंता सूर्यप्रकाश जैन, कनिष्ठ अभियंता आशीष व पंकज शर्मा तथा जलसंरण के जिला सलाहकार अशोक भाटी ने नागरिकों की पेयजल व सीवरेज संबंधित समस्याएं सुनी। अधिकारियों ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि लोगों को पेयजल से महरूम नहीं होने दिया जाएगा। खुला दरबार में वाडोंर् के लोगों ने सीवरेज लाईन की सफाई करवाने तथा पर्याप्त पेयजल सप्लाई करवाने की मांग रखी। लोगों ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि ऊंचाई का इलाका होने के कारण उनको पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी नहीं मिल रहा हैए इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने नागरिकों से कहा कि उनको पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक गर्मी के मौसम के चलते पेयजल को व्यर्थ न बहाएं। कहीं पर भी पेयजल की लाइन लीकेज है तो उसे तुरंत दुरूस्त किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों ने अधिकारियों को मौके पर ले जाकर सीवरेज से संबंधित समस्याओं को दिखाया। इस पर अधिकारियों ने कहा कि सीवरेज लाईनों की जल्द सफाई करवा दी जाएगी। इस दौरान संबंधित वार्ड के पार्षद व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पुलिस ने अवैध बीयर की 1010 पेटी पकड़ी

■ उत्तराखंड से राजस्थान ले जाई जा रही बीयर, कागजात नहीं पूरे

**तोशाम।** पुलिस ने उत्तराखंड से राजस्थान ले जाई जा रही बीयर की 1010 पेटीयों को तोशाम में चेकिंग के दौरान कागजात पूरे न होने के कारण काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि गत 24 अप्रैल को राजस्थान के चुरू जिला राजगढ़ तहसील के गांव बघेला का निवासी व्यक्ति उत्तराखंड से 1010 पेटी बीयर की गाड़ी में लोड करके राजस्थान ले जा रहा था।

जब वह तोशाम पहुंचा तो पुलिस ने गाड़ी के ड्राइवर से चेकिंग के दौरान हरियाणा में प्रवेश करते समय हरियाणा के उस जिले के आबकारी विभाग की ट्रांजिट स्लिप मांगी तो वह स्लिप नहीं दिखा सका, जबकि यह बीयर की पेटी से भरी गाड़ी उत्तराखंड से हरियाणा के रास्ते राजस्थान जानी थी। लेकिन पुलिस ने कागजात पूरे न होने पर 1010 पेटी अवैध बीयर को काबू किया है तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे

# बीयू व वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल की देखरेख में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में जिला में प्रत्येक विधानसभा के लिए ईवीएम का प्रथम रेंडेमाइजेशन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को जिला में पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाया जाएगा।

उन्होंने राजनीतिक दलों को प्रथम रेंडेमाईजेशन की प्रति भी दी ताकि उनको मालूम हो सके कि कौन सी मशान कौन से विधानसभा के लिए अलॉट हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने इस दौरान मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को जिला में निष्पक्षए पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि जिला में मतदान के लिए 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें 54.लोहारू विस क्षेत्र में 230 बूथए 57.भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 220 बूथ, 58.तोशाम विस क्षेत्र में 233 बूथ तथा 59. बवानीखेड़ा एससी विस क्षेत्र में 229 बूथ बनाए गए हैं। कुल 4402 इवीएम मशीने हैं, जिनमें 1914 बैलेट यूनिट, 1196 कंट्रोल यूनिट तथा 1292 वीवीपैट हैं, जिनका रैंडमाइजेशन विधानसभा वाईज हुआ है। दूसरे रेंडमाइजेशन में इन मशीनों को बूथ वाइज आवंटित किया जाएगाए भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के आरओ के स्तर पर किया जाएगा।



### सेक्टर ऑफिसर व पुलिस सेक्टर ऑफिसर तालमेल बनाएं

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में सेक्टर ऑफिसर की अहम भूमिका होती है। सेक्टर ऑफिसर व पुलिस ऑफिसर की चुनाव से संबंधित जो ड्यूटी लगाई गई हैए वे उसका बेहतर तरीके से निवर्हन करें। सेक्टर व पुलिस ऑफिसर आपसी तालमेल बनाकर कार्य करें। यदि किसी मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कमी है तो उसे पूरा करवाएं। मतदान केंद्रों व बूथों पर बिजली, पेजयल, शौचालय व रैंप आदि का होना जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल गुरुवार को पंचायत भवन में सेक्टर व पुलिस ऑफिसर की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में सेक्टर ऑफिसर बड़ी महत्वपूर्ण इकाई होती है। उन्हें मतदान से पहले, मतदान के दौरान तथा मतदान के उपरांत जो डयूटी उन्हें सौंपी गई है, उसका बारीकी से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर अपने.अपने मतदान केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। मतदान केंद्रों के आसपास गणमान्य व प्रबुद्‌ध लोगों से बातचीत करें ताकि चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो। वहां पर बीएलओ से संपर्क स्थापित करें।

### लोहारू बार एसो. के चुनाव स्थगित

**लोहारू।** पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के आदेशों अनुसार लोहारू बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनावों को स्थगित कर दिया गया है। सुरेंद्र सिंह बनाम बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के सीडब्ल्यूपी 8789 व 2024 के मामले में न्यायालय ने लोहारू बार एसोसिएशन के चुनावों को स्थगित करने के आदेश जारी किए हैं।

बता दें कि बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के निर्देशानुसार लोहारू बार एसोसिएशन के प्रधानए सचिव और उप सचिव पद के लिए 26 फरवरी को चुनाव होने थे। इन तीनों पदों के लिए दो दो उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव कमेटी के सदस्य एडवोकेट रामदत्त श्योराण, एडवोकेट कर्ण सिंह और एडवोकेट विनोद कुमार द्वारा गुरुवार को जारी प्रति में बताया गया है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आगामी तिथि तक बार एसो. लोहारू के चुनाव स्थगित किए जाते हैं। बार काउंसिल के आगामी आदेश तक लोहारू बार एसोसिएशन के चुनाव स्थगित किए जाते हैं।

## नए वोट बनवाने का अंतिम दिन आज ऑनलाइन कर सकते हैं अप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

■ 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष के हो चुके नागरिकों से वोट बनवाने की अपील

निर्वाचन आयोग के नियम एवं निर्देशों के अनुसार आज 26 अप्रैल को नए वोट बनवाने का अंतिम दिन है। वोट नहीं बनवाने वाले लोग इस बार लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। आज के बाद चुनाव समाप्त होने तक नए वोट बनवाने के लिए आए आवेदन पर कार्यवाही नहीं की जा सकेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला में 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष के हो चुके नागरिकों से वोट बनवाने की अपील की है। लोकसभा चुनाव की तिथियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं और हर कोई मतदान के दिन वोट डालने के लिए उत्साहित नजर आता है।

चुनाव अब आम बातचीत का मुद्दा बन चुका है। ऐसे में यह खबर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्होंने 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष का होने के बाद भी अभी तक वोट बनवाने के लिए आवेदन नहीं किया है। ऐसे नागरिक आज 26 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करके वोट बनवा सकते हैं। वोट बनवाने की प्रक्रिया इसके बाद बंद हो जाएगी और 26 अप्रैल के बाद अगर कोई वोट बनवाने के लिए अप्लाई करता है तो उसके आवेदन पर लोकसभा चुनाव समाप्त होने तक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

**लिस्ट में नाम नहीं तो नहीं डाल सकते वोट:** 26 अप्रैल उन लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण दिन है जिन्होंने अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में चैक नहीं किया है। अगर किसी का नाम मतदाता सूची से कट गया है तो ऐसे लोगों को भी 26 अप्रैल तक दोबारा आवेदन करके नाम वोटर लिस्ट में शामिल करवाना होगा। अगर वोटर लिस्ट में नाम नहीं होगा तो किसी भी प्रकार का दस्तावेज दिखाने के बाद भी वह वोट नहीं डाल पाएगा। ऐसे लोगों के लिए लोकसभा चुनाव में 26 अप्रैल तक दोबारा वोट बनवाने का अंतिम मौका है।

एंज्वॉयमेंट / शिखर चंद जैन

अगले महीने से समर वेकेशन यानी गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। इस दौरान हो सकता है, तुम किसी हिल स्टेशन पर या दादी-नानी के घर घूमने जाओ। लेकिन अगर तुम कहीं नहीं जा रहे हो तो कुछ ऐसी क्रिएटिव-एंटरटेनिंग एक्टिविटीज कर सकते हो जिसमें तुम्हें मजा तो आएगा ही बहुत कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। ऐसी ही कुछ आइडियाज के बारे में जानो।

# समर वेकेशन को बनाओ क्रिएटिव-एंटरटेनिंग



गर्मी की छुट्टियों में अगर कहीं घूमने का प्लान ना हो तो बच्चे घर में बोरियत महसूस करने लगते हैं। ऐसा तुम्हारे साथ ना हो इसके लिए आने वाली समर वेकेशन के लिए क्या तुमने कोई प्लानिंग की है? अगर नहीं तो हम तुम्हें यहां बता रहे हैं, वेकेशन के बेस्ट यूज करने के आइडियाज।

## बनाओ कलर्ड कॉमिक्स

बच्चों, तुम खूब कहानी और कॉमिक्स पढ़ते ही होगे, लेकिन कितना मजा आए अगर तुम खुद अपनी लिखी हुई किसी कहानी के आधार पर खूब सारे रंगीन चित्र बनाओ और अपना खुद का कॉमिक्स तैयार करो! अगर तुम खुद कहानी न लिख पाओ तो किसी रोचक घटना के आधार पर या फिर अपनी पढ़ी हुई किसी पसंदीदा कहानी के आधार पर स्केच पेन या क्रेयॉन कलर्स के इस्तेमाल से एक प्लेन पेपर नोटबुक में कॉमिक्स बना सकते हो। हो सके तो अपने दोस्तों को भी इसके लिए मोटिवेट करना फिर सब एक-दूसरे की तैयार की गई कॉमिक्स मजे से पढ़ना।

## बालकोनी में लगाओ बर्ड फीडर

गर्मी के दिनों में जैसे चिलचिलाती धूप, उमस और प्यास से हम बेचैन हो जाते हैं, वैसे ही पशु-पक्षी भी परेशान रहते हैं। तुम चाहो तो अपने घर की बालकोनी, छत या सामने पड़ी खाली जगह को एक शानदार बर्ड फीडिंग स्टेशन बना सकते हो। यहां पक्षियों के लिए पानी से भरे कुंडारे, बड़े सिकोरे या अन्य बर्तन और उनके चुगने की व्यवस्था करने के लिए दाने भरे फीडर लगा सकते हो। इससे पक्षियों को दाना-पानी तो मिलेगा ही तुम्हें भी उनकी अठखेलियां



देखने और मधुर चहचहाहट सुनने का मौका मिलेगा। इस स्टेशन पर जब गौरैया, कबूतर, तोते और मैना आदि तरह-तरह के पक्षी सुबह शाम जुटेंगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।

## बनाओ पजल्स और गेम्स

गेम्स और पजल्स खेलने में तो खूब मजा आता है। लेकिन कितना अच्छा हो कि अपनी कल्पनाशक्ति से तुम खुद ही नए-नए गेम्स और पजल्स बना डालो। जिगशॉ पजल बनाने के लिए किसी प्रसिद्ध इमारत, पक्षी या सेलिब्रिटी की तस्वीर लेकर उसे कार्डबोर्ड पर चिपका दो। फिर इसे जगह-जगह से काट कर



अलग कर दो। इसी तरह-तरह कोई अलग सा बोर्ड गेम बनाकर तुम अपने फ्रेंड्स के साथ खेल सकते हो।

## करो वाल पेंटिंग

अगर तुम्हारे घर के सामने या पिछवाड़े में कोई बगीचा है या छत पर तुमने गमले वगैरह रखे हैं या फिर बरामदे की बाहरी दीवारें रास्ते की तरफ से नजर आती हैं तो तुम यहां सुबह या शाम के समय सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाकर इन दीवारों को सजा सकते हो, इन्हें आकर्षक बना सकते हो। फूलों, पक्षियों, तितलियों आदि के चित्र से दीवारें बहुत सुंदर नजर आएंगी। साथ ही तुम्हें म्यूरल पेंटिंग की प्रैक्टिस का मौका भी मिलेगा। इसी तरह तुम चाहो तो प्लांटर्स और गमलों को भी तरह-तरह के पेंट से सजाकर उन्हें आकर्षक लुक दे सकते हो।

## बनाओ फैमिली हिस्ट्री बुक

कई बार तुम्हें अपने मम्मी-पापा के मम्मी-पापा का नाम तो पता होता है लेकिन इसके बाद यानी परदादा-परदादी, परनाना-परनानी का नाम मालूम नहीं होता। इन छुट्टियों में तुम अपनी फैमिली ट्री को जानने की कोशिश कर सकते हो। मम्मी-पापा से उनके जन्मस्थान, वहां से जुड़ी बातें, खास रीति-रिवाज, वहां का विशेष खान-पान, उनकी खास यादें और उनके पैरेंट्स के साथ-साथ ग्रैंड पैरेंट्स का नाम भी पूछो। इन सारी बातों को चित्रों और तस्वीरों के साथ एक नोटबुक में सुंदर तरीके से लिखो। जन्म स्थान के गांव, कस्बे या शहर की कोई जानकारी भी लिखो। अपने नजदीकी रिश्तेदारों की भी जानकारी भी इसमें लिख सकते हो। यह सब जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा और तुम जो नोटबुक बनाओगे, वह अपने आप में एक फैमिली डॉक्यूमेंट जैसा बन जाएगा।

## सीखो नई स्किल

इन छुट्टियों का इससे अच्छा उपयोग और क्या होगा कि तुम इस दौरान कोई नई स्किल सीख लो। समर वेकेशन में नई भाषा, कोई म्यूजिकल



इंस्ट्रूमेंट बजाना, क्राफ्ट वर्क जैसे पेपर क्विलिंग, ओरिगामी, डेकोपेज (किसी वस्तु पर विशेष कलर इफेक्ट, सजावटी चीजों के साथ रंगीन कागज के कट आउट चिपकाकर उन्हें सजाने की कला) जैसी कलाएं सीखने में बहुत मजा आएगा। जब तुम कोई नई स्किल, भाषा या आर्ट सीख लोगे तो स्कूल खुलने पर अपने दोस्तों के सामने उसका प्रदर्शन करके अपना इंप्रेशन भी जमा सकोगे और टीचर भी खूब शाबाशी देंगे। तो बच्चों, यहां दिए गए आइडियाज में से कोई भी आइडिया सेलेक्ट करके तुम आने वाली समर वेकेशन को खूब क्रिएटिव और एंटरटेनिंग बना सकते हो। *

---

कुछ बच्चे बहुत जिज्ञासु स्वभाव के होते हैं। वे किताबें पढ़कर, अपने से बड़ों से सवाल करके अपनी नॉलेज बढ़ाते रहते हैं। हिमानी भी इन्हीं बच्चों में से है। एक दिन उसने अपने दादा जी से सवाल किया कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? दादा जी ने उसे जो जानकारी दी, तुम्हारा जानना भी जरूरी है।

# समुद्र का पानी क्यों होता है खारा

नॉलेज जोन / अशोक जोशी

हिमानी की आदत है, वह स्कूल में सिर्फ अपने टीचर से ही नहीं, घर पर अपने दादा जी या पापा से भी ऐसी जानकारियां लेती रहती है, जिससे उसका ज्ञानवर्धन हो। हिमानी का स्वभाव अपनी हर जिज्ञासा को शांत करना है। कई दिनों से उसके दिमाग में एक प्रश्न कौंध रहा था कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? आज उसने अपने दादा जी से यह सवाल पूछ ही लिया। हिमानी ने जानना चाहा, 'दादा जी, सारी नदियां जाकर समुद्र से मिलती हैं। नदियों का पानी मीठा रहता है, जबकि सारी नदियों का पानी समाहित करने वाले समुद्र का पानी खारा होता है। मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन नदियों और सागर का संगम खारा क्यों?'



दादा जी मन ही मन हिमानी के इस प्रश्न पर खुश हुए फिर बोले, 'शाबास बेटा, तुम जिस तरह अपनी नॉलेज बढ़ाने के लिए प्रश्न पूछती रहती हो, यह बहुत अच्छी बात है।' एक पल रुककर दादा जी आगे बोले, 'हां, हिमानी बेटा मैं भी यही मानता हूं कि मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन इस मेल-जोल में किसी तरह की मिलावट नहीं होनी चाहिए। जब नदियां अपने स्रोत से निकलती हैं तो मीठी और साफ ही होती हैं। लेकिन समुद्र तक पहुंचते-पहुंचते रास्ते में इनमें कारखानों से निकलने वाली गंदगी और हमारे द्वारा डाले जा रहे कचरे के कारण ये गंदी हो जाती हैं। जब समुद्र में नदियों के साथ इतनी अशुद्धियां और इतनी गंदगी और प्रदूषण आता है तो इसका खारा होना स्वाभाविक ही है। यह तो हमारे समझने की बात है। लेकिन यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए, तो महासागरों और समुद्रों के पानी में सबसे अधिक क्लोरीन और सोडियम के आयन मौजूद होते हैं। ये दोनों आयन मिलकर महासागरों में घुले आयनों का 85 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इसके बाद मैग्नीशियम और सल्फेट 10 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इनके अलावा बाकी आयनों की मात्रा बहुत कम होती है। इसलिए, हमें समुद्र का पानी हमेशा खारा लगता है। दूसरा कारण खारे पानी का यह है कि समुद्रों में सबसे ज्यादा नमक नदियों से आता है। कहा जाता है कि बारिश का पानी थोड़ा अम्लीय होता है, जब यह पानी जमीन की चट्टानों पर पड़ता है, तो उसका अपरदन कर देता है, इससे बनने वाले आयन नदी के रास्ते समुद्रों में मिल जाते हैं। इससे समुद्र का पानी खारा होता रहता है।' दादा जी ने हिमानी से पूछा, 'क्या तुम बता सकती हो कि दुनियाभर के समुद्रों में कितना नमक होता होगा?'

'नहीं दादा जी..!' हिमानी ने ना में सिर हिला दिया। दादा जी ने बताया, 'अमेरिका के नेशनल ओशियाना और एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार यदि सभी समुद्रों से पूरा नमक निकाल कर जमीन पर फैला दिया जाए तो उसकी परत 500 मीटर ऊंची हो जाएगी।' 'अरे बाप रे! कहते हुए हिमानी ने आश्चर्य से अपनी आंखों की पुतलियां घुमा दीं, जिसे देखकर दादा जी को हंसी आ गई। हिमानी भी दादा जी के साथ हंस पड़ी। *



---

## जीके क्विज-101

1. पिछले दिनों आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने सबसे कम उम्र में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया?
3. अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कब मनाया जाता है?
4. किस अंग्रेज या मुगल शासक जहांगीर ने 'खान' की उपाधि से सम्मानित किया था?
5. भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. एक्स-रे की खोज किस भौतिक वैज्ञानिक ने की थी?
8. भारतीय संविधान सभा के पहले अंतरिम अध्यक्ष कौन थे?
9. 'भारत-भारतियों के लिए', यह नारा किस महापुरुष ने दिया था?
10. संसार का सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?



**बच्चों, जीके क्विज-101 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-100 का उत्तर :** 1. मीराबाई चानू, 2. 24 अप्रैल, 3. गगनशक्ति-2024, 4. लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, 5. मंगूभाई सी. पटेल, 6. ईरान, 7. शुक्र, 8. नाइट्रस ऑक्साइड, 9. ऑर्निथोलॉजी, 10. अबुल फजल

**जीके क्विज-100 का सही उत्तर देने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, शिवाय-भोपाल, वेणु-धमतरी, कबीर-हिसार, रश्मि-जबलपुर, ईशान-अहमदाबाद, तानिया-धमतरी, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, वेदांत-मेल से, पाखी-बिलासपुर, नितिन-कोरबा

## हंसगुल्ले

**मम्मी :** खरगोश और कछुए की कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?
**गोलू :** मम्मी, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।
-अंकिता, रायपुर

**टीचर :** बताओ, अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति कब हुई थी?
**रोनित :** सर, मुझे कैसे पता होगा? मैं तो उस वक्त था ही नहीं।
-नेहा, भोपाल

**टीचर :** पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद क्या हुआ?
**राजू :** सर, इतिहास की किताब में रटने के लिए एक और चैप्टर बढ़ गया।
-शांतनु, भिलाई

**साइंस टीचर :** बच्चों, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल :** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक




---

कहानी
हरीशचंद्र पांडे

रोनित ने रविवार के दिन घर में रहकर कोई अच्छा काम करने की सोची। जब अच्छा काम करने लगा तो सब उल्टा-पुल्टा होने लगा। उसके कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा है? अंत में उसकी बुआ जी के आने से माजरा एकदम उसके पक्ष में बन गया।

# सबसे प्यारा रोनित!



रोनित सुबह से यही सोच रहा था, आज रविवार है, कोई अच्छा काम करूं, लेकिन क्या करूं? यही सोचता हुआ वह बिस्तर से उठकर बाहर बरामदे में आ गया। इधर-उधर गौर से देखा, सोच-विचार किया, उसके दिमाग में आया, 'अरे! गमले के पौधे प्यासे हैं, इन्हें पानी दिया जाए।' पास ही नल के नीचे बाल्टी भरी हुई दिखी, उसने तुरंत उसे उठाया और सारा पानी गमलों में डाल दिया। तभी मम्मी जोर से चिल्लाईं, 'अरे! यह पानी तो दादा जी के नहाने के लिए था। गमले में तो मैंने अभी-अभी पानी डाला है। रोनित तुम भी क्या करते रहते हो...!'

'अरे मम्मी! सॉरी...!' कहकर रोनित वहां से सरपट भागा। भागकर पापा के कमरे में आया। वहां देखा, पापा आराम कुर्सी पर बैठकर मजे से टीवी देख रहे हैं। रोनित ने उनको टोका, 'पापा उठिए और सीधे बैठ जाइए। आप तो बहुत गलत ढंग से बैठे हैं। इसीलिए आपकी पीठ और कमर में दर्द रहता है।' 'अरे, बेटा आज रविवार के दिन यह लेक्चर क्यों दे रहे हो? इसी तरह आराम से बैठे रहने दो।' पापा बैठे-बैठे बोले।

'हमारी योगा टीचर कहा करती हैं, यह बैठने का गलत तरीका है। उठिए और सीधे बैठिए।' रोनित ने पापा से फिर कहा।

तभी पापा के मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह सीधे खड़े हो गए और टहल-टहल कर बात करने लगे। रोनित की सलाह बेकार चली गई।

रोनित अपने बड़े भैया के पास अजीब-सी शक्ल बनाकर पहुंचा। वह खिड़की से बाहर पड़ोसी चौधरी अंकल के पेड़ के पके-पके अमरूद ध्यान से देख रहे थे। रोनित को लगा, भैया को अमरूद खाना है। वह बोला, 'ओह, मेरे बड़े भैया, मैं कब आपके काम आऊंगा?' यह कहकर वह झट से स्टोररूम में गया, वहां से एक डंडा ले आया। भैया ने मुड़कर देखा, चौंक कर बोले, 'रोनित यह क्या शरारत है?'

वह तुरंत बोला, 'आपके लिए अमरूद तोड़ूं, इसीलिए मैं डंडा लाया हूं।'

'ओहो! तुम्हें पता है यह पेड़ हमारा नहीं है। तब भी तुम डंडा ले आए। कमाल करते हो, लगता है तुम्हारे पास कोई काम नहीं है। चलो, अब यह डंडा वहीं रखो जहां से लाए हो।' भैया ने रोनित को डांटा।

रोनित ने उलटे पैर जाकर डंडा उसी जगह पर रख दिया। तभी उसे अपने बगीचे में माली काका आते दिखे। उसने सोचा, माली काका बहुत बुजुर्ग हैं। अब इनका हाल-चाल पूछ लेता हूं। यह सोचकर वह बाहर आया और झुककर नमस्ते कर के बोला, 'नमस्ते माली काका, आप कैसे हैं?'

माली काका को हंसी आ गई। वह रोनित से बोले, 'अरे अच्छे हैं बेटा।'

'अच्छा, आप सचमुच बहुत अच्छे हैं।' एक पल रुककर रोनित ने फिर पूछा, 'कैसे हैं माली काका आप, अच्छे हैं ना?'

'अरे बिटवा तुम्हें क्या हो गया है? बार-बार काहे हाल-चाल पूछ रहे हो, चलो हमको काम करने दो।' हंसते हुए यह कहकर माली काका अपने काम में लग गए।

रोनित अब पहुंचा अपने दादा जी के पास। वह चुपचाप बैठे थे। रोनित उनकी खामोशी की वजह समझ गया। वह दादा जी से बोला, 'अच्छा तो आपने फिर से मम्मी-पापा से छुपकर चीनी खाई है।'

'अरे रोनित, क्या बोल रहे हो! तुम्हारे मम्मी-पापा सुन लेंगे तो आफत कर देंगे। जरा धीरे से बोलो।' दादा जी मुंह पर अंगुली रखते हुए बोले।

रोनित आहिस्ता से बोला, 'हां... हां... आपने जरूर चीनी खाई है, शुगर बढ़ गई है, इसीलिए चुपचाप बैठे हैं। है ना दादा जी!'

दादा जी को डर था कि रोनित के मम्मी-पापा चीनी वाली बात सुन ना लें। इसलिए वह रोनित से बोले, 'अब तुम चुपचाप ही बैठो तो सही रहेगा।'

'तो ठीक है दादा जी, मैं अब चुपचाप ही रहता हूं। आज सुबह जब से जागा हूं, तब से कोई मेरी सुन ही नहीं रहा।' रोनित चुपचाप एक ओर जाकर बैठ गया।

'अरे, मैं तो सुन रही हूं।' किसी ने पीछे से थपकी दी। रोनित ने मुड़कर देखा, सामने बुआ जी खड़ी हुई थीं। वह जोर से चहका, 'अरे बुआ जी आप..!'

'अरे हां रोनित, तुमने कितनी प्यारी चिट्ठी लिखी थी। मैं उसे पढ़ते ही यहां आ गई। बेटा, तुम हो सबसे प्यारे और यह देखो मैं तुम्हारे लिए टी-शर्ट लाई हूं। देखो, इसमें क्या लिखा है, सबसे प्यारा रोनित।'

'वाह! थैंक क्यू मेरी प्यारी बुआ!' खुशी से उछलते हुए रोनित बोला।

घर के लोग रोनित की बुआ जी के आने से बहुत खुश थे। रोनित अपनी बुआ जी के साथ बैठकर मीठी गपशप में लग गया था। परिवार के लोग भी बैठे उनकी बातें हंसते हुए सुन रहे थे। *

---

कविता
इंद्रजीत कौशिक



## फुग्गे

फुग्गे वाला फुग्गे लेकर
जब मेले में आया,
ले-लो, ले-लो फुग्गे ले लो
कह कर के चिल्लाया।
नीले, पीले, हरे, गुलाबी
कुछ का रंग था लाल,
बन मतवाले झूम रहे थे
फुग्गे बड़े कमाल।
बच्चों ने जब फुग्गे देखे
झटपट दौड़े आए,
एक नहीं दो-दो लेकर के
मन ही मन हर्षाए।
लेकर फुग्गे बच्चों ने जब
उन्हें हवा में छोड़ा,
ऐसे उड़े हवा में वे तो
जैसे चेतक घोड़ा।

---

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिख रहे दो चित्रों में 6 अंतर मौजूद हैं। इन दोनों चित्रों को ध्यान से देखो और पांच मिनट में सभी अंतर खोजो।



उत्तर- 1.बायीं तरफ खड़ी लड़की के बगल में खड़े डॉग का मुंह बंद है।, 2.दाहिनी ओर खड़ी लड़की के साथ वाले डॉगी का दायां हाथ उठा हुआ है।, 3.बीच वाला लैंप-पोस्ट गायब है।, 4.बायीं तरफ से तीसरी बिल्डिंग गायब है।, 5.बीच में खड़े लड़के की दायीं आस्तीन मुड़ी हुई है।, 6.पीछे दायीं ओर खड़े लड़के के बगल में एक डॉगी है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में कई सारे पक्षी दिख रहे हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने पक्षी हैं?



उत्तर-17

## बताओ कौन-सा है जानवर



1
एक डाल से दूसरी डाल पर,
उछल-कूद से मेरा नाता,
नकल करने में हूं उस्ताद,
केला बड़े शौक से खाता।



2
घने बालों वाला मैं प्राणी,
शहद मुझे बहुत भाता।
सुस्तराम सब कहते मुझे,
खिलौनों से मेरा है नाता।

3
रेगिस्तान का जहाज हूं मैं,
कम पानी में करता गुजारा।
विशालकाय है मेरा शरीर,
उस पर है इक कूबड़ न्यारा।

4
उम्र मेरी लंबी बहुत,
शरीर वज्र सा मजबूत।
धीमी गति से चलता मैं
निरंतरता का देता सुबूत।

-डॉ. अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1. बंदर 2. भालू 3. ऊंट 4. कछुआ

## खबर संक्षेप

### स्वीप अभियान से किया जा रहा जागरूक

**चरखी दादरी।** किसी भी समाज में अगर जागरूकता का फैलाव करना है तो उसमें युवा पीढी का सबसे अधिक सामाजिक कर्तव्य बनता हे कि वो आगे बढ़कर काम करे। मतदान के प्रति जिस प्रकार वर्तमान में युवाओं का रूझान बढ़ा है वो अत्यंत ही सकारात्मक है। जिस तरह से लोकसभा चुनावों को लेकर क्षेत्र के हर स्थान पर चाहे वो ग्रामीण, कस्बाई या शहरी कोई भी जगह हो युवाओं में उत्साह है वो सराहनीय है।

### एमटी ने उपस्थित शिक्षकों में भरा जोश

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चार दिवसीय एफएलएन ट्रेनिंग के दूसरे दिन निपुण कार्यक्रम की तरफ से विपुल ने शिरकत की और प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।



### भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा अपार समर्थन

**बवानीखेड़ा।** हिसार लोकसभा भाजपा प्रत्याशी चौ. रणजीत सिंह चौटाला ने वीरवार को बवानी खेड़ा हलके के अनेक गांवों में जन संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने सिकंदरपुर, चौरटापुर, ढ़ाणी केसला, दुर्जनपुर, मिलकपुर, औरंगनगर, जीता खेड़ी, सिवाना, अलखपुरा, बड़सी आदि विभिन्न गांवों में पंहुचकर भाजपा नेता सुरेश ओड, उमेश भारद्वाज, जगदंबा महता, एडवोकेट अक्षय बल्हारा, धर्मेन्द्र बल्हारा, विजय कौशिक पुर संग मिलकर जनसभाओं को संबोधित किया और लोगों से रूबरू हुए।

### पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरीः उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी नरेश नरवाल ने कहा है कि आमजन के साथ.साथ पशुधन को भी हीट.वेव से बचाना जरूरी है। नागरिक गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सलाह के अनुरूप जरूरी उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। जैसे.जैसे गर्मी बढ़ रही है, उसके साथ ही गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसके साथ.साथ पशुओं का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए और अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतनी जरूरी हैं।

### भावेश ख्यालिया का सम्मान समारोह 27 को

**तोशाम।** यूपीएससी में 46वां रैंक हासिल करने वाले झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया का 27 अप्रैल शनिवार को गांव के पंचायत घर में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कृष्ण ख्यालिया व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि भावेश ख्यालिया का आईएएस में चयन होने पर उनके पैतृक गांव झांवरी में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।



महाविद्यालय एवं विद्यालयों के एएनओ एवं सीटीओ के लिए कार्यशाला का आयोजन

# एनसीसी कैडेट्स को ए, बी तथा सी सर्टिफिकेट एग्जाम की जानकारी दी

कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह ने एनरोलमेंट प्रक्रिया की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा एनसीसी बटालियन के प्रेक्षा विहार स्थित कार्यालय में कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह के नेतृत्व में एनसीसी की भविष्य की गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श करने के लिए बटालियन से संबंधित सभी महाविद्यालय एवं विद्यालयों के एएनओ एवं सीटीओ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह ने प्रथम वर्ष के एनसीसी कैडेट्स के एनरोलमेंट प्रक्रिया की जानकारी दी। ड्रेस एलाउंस के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने ए, बी तथा सी सर्टिफिकेट एग्जाम की प्रक्रिया एवं कौन-कौन से विषय में कितने मार्क्स की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने मई व जून में होने वाले कैंपस में एएनओ एवं सीटीओ को एनसीसी कैडेट्स को लेकर सावधानियां बरतने के लिए विस्तार से बताया। थल सैनिक कैंप, सर्विस सिलेक्शन बोर्ड प्रोसीजर, गणतंत्र दिवस परेड कैंप आदि कैंपों के लिए कैडेट्स की चयन प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर कैप्टन विकास, कैप्टन विपिन, लेफ्टिनेंट डॉ. रीना फर्स्ट ऑफिसर, सुमन परमार, फर्स्ट ऑफिसर अर्चना परमार फर्स्ट ऑफिसर रविंद्र सिंह, सेकंड ऑफिसर राजेश, थर्ड ऑफिसर संदीप फौगाट, सूबेदार शीशराम, नायक सूबेदार हरपाल ,नायब सूबेदार सुरेंद्र, हवलदार रोहतास , हवलदार जनार्दन नायक आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** एनसीसी अधिकारियों को संबोधित करते कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह। फोटो : हरिभूमि



**भिवानी।** एनसीसी ईकाई का निरीक्षण करते एनसीसी अधिकारी।

### एनसीसी एयर विंग के लिए कैडेट्स का किया चयन



**भिवानी।** कैडेट्स का चयन करती एनसीसी एयर विंग।

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में एनसीसी एयर विंग कैडेट्स चयन के लिए एनओ सव्य सचिन भारद्वाज के नेतृत्व में एमडब्ल्यूओ नशर हसन एवं जीसीआई प्रिया कुमारी ने नामांकन प्रक्रिया को पूरा किया। प्रक्रिया में लगभग पचास छात्रों ने भाग लिया। सभी छात्रों का शारीरिक एवं मानसिक दक्षता का परीक्षण किया। इस अवसर पर प्रथम हरियाणा वायु कमान एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस. श्रीनिवासन ने छात्रों को भविष्य में विभिन्न सशस्त्र बलों मे चयन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कैडेट्स को देशसेवा के लिए प्रेरित किया।

### एनसीसी अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में एनसीसी इकाई 11 हरियाणा बटालियन के अधिकारी कर्नल रणधीर सिंह ने एनसीसी इकाई का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्या कीर्ति आहुजा ने कर्नल सिंह का स्वागत किया। एनसीसी केयर टेकर ने विद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों की जानकारी दी। अधिकारी कर्नल रणधीर सिंह ने ट्रेनिंग ग्राउंड पर कैडेट्स से मिले और उनसे एनसीसी दायित्व, यूनिफोर्म, टर्नआउट, ड्रिल, शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं आर्मी भर्ती (एनडीए) आदि पर चर्चा की।



**भिवानी।** जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से बातचीत करते हुए।

## कांग्रेस नेता ने गांव तिगड़ाना में ग्रामीणों से साधा संवाद

- उठान प्रक्रिया धीमी होने के चलते मिट्टी में मिल रही है अन्नदाताओं की मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कांग्रेस नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि किसान हितैषी होने का दम भरने वाली सरकार असल में किसान विरोधी फैसले लेने में माहिर हो चुकी है। आज अन्नदाताओं की गेहूं व सरसो की फसल मंडियों में खुले में पड़ी है। लेकिन मंडियों में कछुआ चाल रही उठान प्रक्रिया के चलते किसानों की मेहनत मिट्टी में मिल रही है,लेकिन सरकार व अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। जयसिंह वाल्मीकि वीरवार को गांव तिगड़ाना में ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में आज प्रत्येक वर्ग दुखी व परेशान है। भाजपा शासनकाल में सिर्फ बेरोजगारी, महंगाई, अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में हर क्षेत्र में समान रूप से विकास हुआ था। कांग्रेस ने ही हरियाणा को विकास के मामले में नंबर वन बनाया था। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी आदि वगारे् के लिए उत्थान के कार्य किए तथा प्रदेश में कही मैडिकल कॉलेज, कही बिजली कारखाने, शिक्षा क्षेत्र में नए कॉलेज व विश्वविद्यालय, सडक़े बनाने, कर्जा माफी आदि के काम हुए थे। लेकिन आज भाजपा शासनकाल में इसके उल्ट कार्य हो रहे है। भाजपा सरकार अपनी कुर्सी बचाने के लिए लोगों को जाति व धर्म के नाम बांटकर प्रदेश का भाईचारा बिगाड़न्े में लगी हुई है। शिक्षा, रोजगार, विकास सहित अन्य सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है। जयसिंह वाल्मीकि ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अब चुनाव का समय आ गया है तथा जनविरोधी भाजपा को उखाड़ फेंकने का समय भी आ गया है।

इस अवसर पर कैप्टन अशोक कुमार तंवर, मनमोहन सिंह तंवर, फूल सिंह देशवाल, नरेश, सुरेश, युद्धिष्ठिर सिंह तंवर, देव राणा सिंह तंवर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।




**बवानीखेड़ा।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह जी पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर ब्यूटी एंड वैलनेस कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ब्यूटी एंड वैलनेस कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**बवानीखेड़ा।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह जी पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर ब्यूटी एंड वैलनेस कार्यक्रम का निरीक्षण किया। विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की पूरी गहनता से जांच की। वहीं विद्यालय में मौजूद स्टाफ द्वारा छात्राओंए महिलाओं को ब्यूटी एंड वैलनेस का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा इस प्रशिक्षण से छात्राओं महिलाओं को बहुत लाभ प्राप्त होगा और वे इस प्रशिक्षण से अपना स्वरोजगार चलाकर भरण पोषण सकती है और आगे छात्राएं महिलाओं को प्रशिक्षण दे सकती है। वहीं कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि इस विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों की काफी संख्या है और इससे छात्राओं महिलाओं के रोजगार के अवसर खुलेंगें।



**तोशाम।** शहीद वीरांगनाओं को घर-द्वार जाकर आमंत्रण-पत्र सौंपती स्वीप टीम।

### शहीद वीरांगनाओं को दिया निमंत्रण

**तोशाम।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल के मार्गदर्शन में स्वीप टीम ने शहीद वीरांगनाओं को उनके घर-द्वार जाकर आमंत्रण-पत्र सौंपने का अभियान लगातार जारी है। वीरवार को स्वीप टीम की सदस्या एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मनोज सांगवान, सुपरवाइजर कुसुम मलिक व पंकज शर्मा ने शहीद वीरांगनाओं को न्योता भेज कर मतदान केंद्रों पर आने की अपील की। अभियान के तहत लगातार तीसरे दिन स्वीप टीम ने गांव सुंगरपुर, धारवानवास, देवराला, इंदीवाली, ढाब ढाणी, हेतमपुरा, दिनोद गांव में पंहुचकर शहीद वीरांगनाओं को आमंत्रण-पत्र सौंपे। बता दें कि प्रशासन ने सीमाओं की रक्षा के लिए शहादत देने वाले वीर जवानों की वीरांगनाओं को आमंत्रण-पत्र देने का निर्णय लिया है। एसडीएम दलाल के मार्गदर्शन में स्वीप टीम द्वारा क्षेत्र की शहीद विरांगनाओ को मतदान के लिए आमंत्रण-पत्र भेज रहा है।

## कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र चौकाने वाला

- कांग्रेस जातीय सर्वेक्षण करवा देश को धकेल रही है गलत दिशा की तरफ : वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल
- प्रदेश के वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल ने पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते वित्तमंत्री जेपी दलाल।

प्रदेश के वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र ना केवल चौकाने वाला है, बल्कि देश के आम नागरिकों के हितों पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुपके से एक खास वर्ग के लिए फैसला करने जा रही है। इसके तहत पीढ़ी बदले जाने पर उसका 50 प्रतिशत भूखंड सरकार के पास चला जाएगा। इतना ही नहीं, भाजपा ने जहां देश में राष्ट्रीयता की भावना भरी, लेकिन कांग्रेस जातीय सर्वेक्षण करवाकर देश को गलत दिशा की ओर धकेलने का काम कर रही है। यह सब राजनीतिक हित साधने के लिए किया जा रहा है। जो निंदनीय है। वित्त मंत्री वीरवार को स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित एक नीजि रेस्तरां में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। जबकि भाजपा विकास की राजनीति करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

## जेईई मेन में आरपीएस ने बनाया कीर्तिमान

- राष्ट्र निर्माण में आरपीएस संस्था सदा दृढ़ संकल्पित : चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र धुर्वांशु, अनिरूद, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, धुर्वांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पसेर्टाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं। जेईई मेन में एक ही ग्रुप से अच्छी परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर ग्रुप के सभी विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों ने मिलकर खुशी जाहिर की। इस उपलब्धि के लिए आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सराहना की हैं। आरपीएस समूह की युक्ति गुप्ता ने 99.98 परसेंटाइल, तनिषा पुनिया 99.98, अनूप यादव 99.98, अमन यादव 99.95, अनिरुद्ध 99.93, अमन कुमार 99.88, जान्हवी मित्तल 99.86, करुणेश यादव 99.84, यश झा 99.80, आदित्य 99.74, नील यादव 99.72, वंशदीप ने 99.69, उदित्य 99.66, लोकेश 99.61, निशांत 99.60, निशांत फोगाट 99.59, सौरभ पांडे 99.53, चिराग यादव 99.48, सक्षम 99.45, क्रिश 99.44, अंकित 99.42 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

### 15 दिन बाद भी नही की कार्रवाई, परिजनों और ग्रामीणों में रोष

**लोहारू।** 15 दिन पहले उपमंडल के गांव बारवास के एक युवक सतीश शर्मा की मौत और मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर दोषियों के खिलाफ 15 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नही होने से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों में काफी रोष है। हालांकि मृतक के परिजनों ने घटना वाले दिन दोषियों की गिरफ्तारी नही होने तक शव लेने से इंकार कर दिया था लेकिन बाद में थाना प्रभारी मदन कुमार ने 7 दिन में कार्रवाई करने का भरोसा दिलाकर परिजनों व ग्रामीणों का आक्त्रोश शांत कर दिया था। लेकिन 15 दिन बाद भी मामले में गिरफ्तारी नही होने से परिजनों व ग्रामीणों में रोष है। मृतक युवक के पिता सहित अनेक लोगों ने थाना प्रभारी से मुलाकात की।

## यदुवंशी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। जेईई मेन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत 98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे, वहीं 90 परसेंटाइल से अधिक 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिसमें हरिश 94.98, प्रवीन 94.97, निधीश 94.93, उमेश 94.92, अनुज 94.67, कंवरपाल 94.05, तनु 93.94, काजल 93.69, रीतिका 93.44, दीपक 93.42, साक्षी 93.33, विराट 93.13, निशांत 93.13, अंजलि 93.1, अमन 93.06, अर्चित 92.82, शुभम 92.61, मयंक 92.6, अनुज 92.58, रीतिका 92.43परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

## राजकीय विद्यालय को भेंट किए 11 पंखें

- शिक्षित बनने की राह पर चलकर ही राष्ट्र की तरक्की की जा सकती है सुनिश्चित : श्याम सुंदर सनातनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** स्कूल में पंखे भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा को दुनिया का सबसे अमूल्य धन माना जाता है, क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति अपने ज्ञान एवं कौशल के दम पर सफलता के कितने भी ऊंचे मुकाम को हासिल कर सकता है।

यही नहीं शिक्षा ही एकमात्र वह राह है, जिस पर चलकर समाज व राष्ट्र की तरक्की को सुनिश्चित किया जा सकता है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह ना केवल बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करें, बल्कि शिक्षा व विद्यार्थियों के बीच आने वाली परेशानियों को भी दूर करने का काम करें। यह बात सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर सनातनी ने वीरवार को स्थानीय भगत सिंह चौक पर स्थित मॉडल संस्कृति राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11 पंखें भेंट करते हुए कही। उन्होंने कहा कि गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है तथा आने वाले कुछ ही दिनों में गर्मी अपने चरम पर होगी, जिसके चलते बिना पंखे के विद्यार्थियों को स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए उन्होंने विद्यार्थी हित की सोच रखते हुए विद्यालय को पंखे भेंट किए। श्याम सुंदर सनातनी ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र की तरक्की सुनिश्चित करती है।

मान्यता से अधिक कक्षाएं लगाने वाले विद्यालयों पर गिरेगी गाज

# गैर मान्यता प्राप्त, धर्मशालाओं में चल रही छोटी दुकानें

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

- विभाग ने रिपोर्ट तैयार करके कार्यवाही का बनाया मन, निजी विद्यालय संचालकों में मचा हड़कंप

बवानी खेड़ा में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, धर्मशलाओं में लगा रहे कक्षाएं, मान्यता से अधिक कक्षाओं को लगाने वाले, कंडम वाहनों में विद्यार्थियों को बिठाकर लाने.ले जाने में अहम भूमिका निभाने वाले विद्यालयों, वाहन चालकों के मालिकों, चालकों के खिलाफ विभाग पूरी तरह से सख्त दिखाई दे रहा है। जिसको लेकर इनका खाका तैयार कर लिया गया है और इन पर किसी समय गाज गिर सकती है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग हर वर्ष निजी विद्यालयों पर शिकंजा कसने के लिए बार बार आगाह करता है। लेकिन कनीना में दिल दहला देने वाले हादसे ने लोगों के घर के चिराग बुझा दिए और वे घर हमेशा के लिए घर में गूंजने वाली किलकारियों से महरूम हो गए और अब उन घरों में मातम छाया हुआ है। लेकिन कुछ विद्यालय इस दिल दहला देने वाले हादसों से भी सबक नहीं ले रहे और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हालांकि इस कार्य में अकेले स्कूल संचालक ही दोषी नहीं हैए पता होने पश्चात अभिभावक भी उनके साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। लेकिन विभाग ने ऐसे विद्यालयों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

**बनाई निजी विद्यालयों की सूची :** बताया जाता है कि शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त,गैर मान्यता प्राप्त, मान्यता से अधिक कक्षाएं लगाने वाले, धर्मशालाओं में चलने वाले सहित कंडम वाहनों में बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करने वाले सभी की सूची तैयार करे उसका मिलान कर लिया है। विभाग मान्यता प्राप्त विद्यालयों को छोड़कर बाकि सभी को नोटिस करके चेताने का कार्य करेगा और आदेशों की अवहेलना करने पर कार्यवाही करेगा। खंड बवानी खेड़ा में विभागीय आदेशों की पालना करते हुए सीआरसीए बीईओ से लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा भी निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया और निजी वाहनों के कागजातों की भी जांच की। इस जांच के बाद कुछ विद्यालयों द्वारा पुराने वाहनों को ठिकाने लगाकर विद्यालय में नए वाहनों को उपलब्ध कराया तो वहीं अनेक विद्यालयों अपने पुराने कागजातों के सहारे बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं । अधिकारियों के औचक निरीक्षण से जहां कुछ निजी विद्यालयों में हड़कंप मचा हुआ है। टीम द्वारा अनेक विद्यालयों की वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटो आदि की रिपोर्ट को एकत्रित करके उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

### पहले नोटिस उसके बाद होगी कार्यवाही

कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि बिना मान्यता, समाप्त हो चुकी मान्यता आदि खंड के अनेक विद्यालयों की सूची बनाई गई है। इन्हें पहले नोटिस दिया जाएगा और आदेशों की अनुपालना न करने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम पाठशाला में आकर मन को मिलती शान्तिः गुप्ता

**भिवानी।** श्रीराम पाठशाला में आकर असीम शान्ति का अनुभव हुआ, ये बात प्रमुख समाजसेवी दिल्ली प्रवासी अजय गुप्ता ने पाठशाला के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे भगवान का स्वरूप है और इसकी व्यवस्था करने वाले लोग पुजारी का स्वरूप है।

### वीरों के योगदान एवं जल संरक्षण पर दिया व्याख्यान

**भिवानी।** पंडित सीताराम शास्त्री बीएड महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन एनएसएस संयोजक प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा की अध्यक्षता में व्याख्यानों का आयोजन हुआ। प्रातः कालीन सत्र में महिपाल आर्य ने व्याख्यान दिया, जिसका शीर्षक देश में वीरों का योगदान रहा, जिसमें उन्होंने प्रतिभागी स्वयंसेवकों को अनेक वीर शहीदों की शहादत व देश के लिए उनके द्वारा दिये गए योगदानों से अवगत करवाया।

### रेवेन्यू कोर्ट के कार्य का किया बहिष्कार

**तोशाम।** वीरवार को कैथल जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश की बार एसोसिएशनों ने रेवेन्यू कोर्ट के कार्य का बहिष्कार किया। इसी चलते तोशाम बार एसो. ने रेवेन्यू कोर्टो के बहिष्कार किया व बार एसोसिएशन तोशाम का कोई भी वकील रेवेन्यू कोर्ट में केशों में पैरवी के लिए पेश नहीं होगा। कैथल के उपायुक्त ने अधिवक्ताओ की अनुपस्थिती में पेंडिंग केसों की सुनवाई करने पर बार एसो. ने विरोध जताया, जिसपर उनके साथ अभद्र व्यवहार करने पर प्रदेश में वीरवार को हड़ताल करने का आह्वान किया है।

### मांगों और समस्याओं को लेकर की बैठक

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन.1016 द्वारा बोर्ड कर्मचारियों की लंबित माँगों व राजकीय विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड से जोड़े जाने के विरोध में संगठन कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजनीतिक पार्टियों को लोकसभा चुनाव के अपने घोषणा.पत्र में कर्मचारियों की पुरानी पैंशन बहाल करने का मुद्दे पर चर्चा की।

## तोशाम के मरीजों को दवाइयों के अभाव में जाना पड़ रहा भिवानी के सिविल अस्पताल

# तोशाम अस्पताल में दवाइयों का टोटा उपचार नहीं होने पर जोखिम मोटा

दवाइयों के अभाव में उन्हें अनेक तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है और अपनी बीमारी का इलाज करवाने के लिए उन्हें भिवानी जाना पड़ा है

विष्णु दत्त शास्त्री ▶▶| तोशाम



भिवानी। तोशाम अस्पताल में दवाईयों के लिए खड़ी मरीज।

तोशाम के नागरिक अस्पताल में अनेक दवाइयां व इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है, ऐसे में मरीजों का उपचार कैसे संभव होगा, इसका सहज की अंदाजा लगाया जा सकता हैं। समस्या के चलते मरीजों को अनेक तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही है और इलाज के लिए दवाइयां मजबूरन बाजार से खरीदनी पड़ रही है या फिर भिवानी के नागरिक अस्पताल जाना पड़ रहा है, ऐसे में गरीबों के लिए ये काफी विकट समस्या बनी है। तोशाम अस्पताल में दवाइयों का टोटा होने के कारण मरीजों का उपचार नहीं हो पा रहा और उनकी जान का जोखिम बना हुआ हैं।

#### स्वास्थ्य विभाग व सरकार लापरवाह



*मरीज राकेश जिंदल ने बताया कि तोशाम अस्पताल का मरीजों को क्या फायदा है, जब मरीजों को इंजेक्शन तथा दवाइयों के अभाव में इलाज करवाने करीबन 25 किलोमीटर दूर भिवानी के नागरिक अस्पताल जाना पड़ रहा है। मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से लापरवाह हैं, जिसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति स्वास्थ्य विभाग व सरकार को कोई चिंता नहीं हैं।*

इसी समस्या को लेकर तोशाम निवासी मरीज राकेश जिंदल ने बताया कि उसे कुछ दिनों पहले कुत्ते ने काट लिया था, वह अपना उपचार करवाने के लिए तोशाम के नागरिक अस्पताल में गया था, लेकिन उसे वहां से दवाइयां नहीं मिली और दवाइयां बाहर बाजार से ले लेने या फिर भिवानी के नागरिक अस्पताल में जाने को कहा। जिंदल ने कहा कि जब उपमंडल स्तरीय अस्पताल में मरीज के उपचार के लिए दवाइयां उपलब्ध नहीं है तो ग्रामीण स्तरीय सरकारी अस्पतालों का क्या हाल होगा। दवाइयों के अभाव में मरीजों का कैसे उपचार होगा, जब दवाइयां ही अस्पताल में उपलब्ध नहीं है तो मरीज अपनी बीमारियों का उपचार कैसे करवा पाएंगे। दवाइयों के अभाव में उसे अनेक तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है और अपनी बीमारी का इलाज करवाने के लिए उसे भिवानी जाना पड़ा है, जिससे उसे समय और धन दोनों की बर्बादी हुई है।

#### एक्स-रे की फिल्म खत्म

*तोशाम निवासी सचिन व सुभाष स्वामी ने बताया कि वह एक्स-रे करवाने तोशाम के नागरिक अस्पताल में गए थे, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों ने एक्स-रे की फिल्म खत्म होने के चलते एक्स-रे बाहर से करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि तोशाम अस्पताल की इमारत सुंदर है, लेकिन अस्पताल में कभी डॉक्टर तो कभी दवाईयां व अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाती है, जिसके चलते तोशाम अस्पताल का कोई फायदा नहीं हैं। तोशाम में उपमंडल स्तरीय अस्पताल होने के बावजूद उन्हें सुविधाओं के अभाव में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।*

#### भेजी जा चुकी है डिमांड : डॉ. हितेश

*तोशाम के नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हितेश कुमार से इस संबंध में बातचीत की तो उन्होंने बताया कि कुछ दवाइयों के लिए समय-समय पर उच्च अधिकारियों के पास डिमांड भेजी जाती है, तब वह दवाइयां हमारे पास आती हैं। कुछ दवाइयां ऐसी होती हैं जो विभाग से नहीं आती, वह दवाइयां हमारे स्तर पर खरीदकर मरीजों को उपलब्ध करवाई जाती हैं। कुत्ते के काटने पर रेबीज की दवाई उच्च अधिकारियों द्वारा भेजी जाती है, फिलहाल रेबीज की दवाई हमारे पास नहीं है, उसकी डिमांड उच्च अधिकारियों भेज रखी है।*


भिवानी। शिक्षिकाओं के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों ने मलेरिया के प्रति किया जागरूक

- एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में विश्व मलेरिया दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के संस्कारम सभागार में विश्व मलेरिया दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई। विद्यार्थियों ने नारा लेखन, पोस्टर मेंकिंग, कविता पाठ व भाषण आदि के माध्यम से मलेरिया के प्रति जागरूक किया। विद्यालय की जीव विज्ञान प्राध्यापिका सविता लेघां ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज नाम के मच्छर से काटने के कारण होने वाली बीमारी है और इससे जान को खतरा हो सकता है।

बारिश के मौसम या नम वातावरण में ये मच्छर तेजी से पनपते हैं और बीमारी का प्रकोप होने लगता है। उन्होंने कहा कि मलेरिया की गंभीर स्थिति बच्चों के लिए खतरनाक हो सकती है। प्राचार्या नमिता दास ने बताया कि वर्ष 2007 में डब्लूएचओ ने मलेरिया दिवस को पूरी दुनिया के स्तर पर मनाने का निर्णय लिया, इसके बाद पूरी दुनिया में 25 अप्रैल 2008 से विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाने लगा। वर्ष 2024 के लिए मलेरिया दिवस पर निर्धारित थीम दुनिया को और न्यायसंगत बनाने के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना का जिक्र करते हुए विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि हमें मलेरिया से बचने के लिए आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में मलेरिया के मच्छर जमा पानी में अधिक पनपते हैं, इसलिए घर में गमलों और कूलर आदि को समय-समय पर साफ करके उनमें स्वच्छ पानी डालते रहना चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपप्राचार्य नवीन सनसनवाल, शास्त्री हरिओम भारद्वाज, समन्वयक सीमा मलिक, पूजा भारद्वाज, पूनम, सरस्वती, योगिता, मनदीप, पूजा अरोड़ा, इन्दु फौगाट व स्टाफ का सहयोग रहा।

## एसईडी विद्यालय में मनाया पंचायती राज दिवस

- भाषण, कविता, नाटक व पोस्टरों से पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज भिवानी

ढाणी शंकर स्थित एसईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पंचायती राज दिवस के अवसर पर बच्चों ने अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर पंचायती राज दिवस को मनाया, जिनमें भाषण, कविता, नाटक व पोस्टर के द्वारा पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। लघु नाटिका के द्वारा बच्चों ने समझाया कि किस प्रकार पंचायत गांव की रोजमर्रा के कायार्े को देखती है।

गांव के विवादों का समाधान करती है व गाँव में सुविधाओं को प्रदान कर विकास में अपना योगदान करती है। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि पंचायते लोकतंत्र की जड़ है और लोगों में शासन, प्रशासन में भागीदारी की अहसास कराने का सशक्त माध्यम है। पंचायतों को ये ताकत 73 वे संविधान संशोधन से मिली जो 24 अप्रैल 1993 से लागू हुआ और 2010 से प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## कांग्रेस नेता ने किया अनाज मंडी का दौरा

- सीवरेज लीकेज व उठान प्रक्रिया को दुरूस्त करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। अनाजमंडी में किसानों व मजदूरों से बातचीत करते हुए।

कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा ने आज बवानीखेड़ा अनाज मंडी का दौरा कर वहां की समस्याओं को सुना और प्रशासन से इन समस्याओं को जल्द से जल्द दुरूस्त करवाने की मांग की। इस दौरान मास्टर सतबीर रतेरा ने मंडी का जायजा लेते हुए सीवरेज लीकेज और गेंहू और सरसों का जल्द उठान न होने जैसी समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि बवानीखेड़ा मंडी वर्षोर् से इन समस्याओं से जुझ रही है, लेकिन शासन और प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यहां के किसान और आढ़ती बार.बार मंडी की इन समस्याओं को उठाते रहते हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। फसल बिक्त्री के सीजन में तो ये समस्याऐं और भी विकराल रूप धारण कर लेती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि शासन और प्रशासन मंड़ियों में सुविधाऐं देने के दावें तो अनेक करते है लेकिन धरातल पर समस्याऐं जस की तस बनी रहती है। मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि मंडी में सीवरेज पानी निकासी की समस्या ने यहां के किसानों और व्यापारियों को परेशान कर रखा है। सीवरेज लीकेज के कारण दूषित पानी बार.बार मंडी में फैल जाता है, जिसकी वजह से अनाज के खराब होने व उनके रख.रखाव, आवामन की समस्याए गंदे पानी की वजह से फैली बदबू व उसमें पनपते मच्छरों की वजह से अनेक बीमारियां फैल रही है। मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि बवानीखेड़ा की अनाज मंडी के मुख्य रास्ते पर ठप सीवर की वजह से गंदा पानी फैला है। इसी गंदे पानी से होकर मंडी में आने जाने वाले वाहन गुजर रहे हैं। किसान भी इसी गंदे पानी को पार कर मंडी में फसल लेकर पहुंच रहे हैं। इस वजह से मंडी में पहुंचा अनाज भी प्रदूषित होकर बीमारी के संक्त्रमण का खतरा बढ़ा रहा है। वहीं गंदे पानी से आ रही तेज दुर्गंध सांस लेना दूभर कर रही है।

### विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

**भिवानी।** नाथुवास स्थित राजकीय वमा विद्यालय में पर्यावरण कक्षा के नाम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय प्राचार्या बिंदु ने विद्यार्थियों को पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ हुए निरंतर खिलवाड़ के चलते आज भारी खामियाजा प्रत्येक जन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। प्राचार्या बिंदु ने कहा कि विद्यार्थी वर्ग में बदलाव की ताकत होती है, ऐसे में विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए अपने घर या आस-पास खाली पड़ी जमीन को हरा-भरा बनाने की ठान लें और पौधे लगाएं।

### भाजपा की दादरी रैली 30 को, वित्तमंत्री ने ली बैठक



**चरखी दादरी।** भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारीयों की बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. किरण कलकल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाजपा के कलस्टर इंचार्ज मनीष ग्रोवर व वित्तमंत्री जेपी दलाल ने दादरी में 30 अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर निर्देश दिए। ग्रोवर ने बताया कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और भाजपा ने लोकसभा के चुनाव के लिए तैयारियां पूरी मजबूती के साथ शुरू कर दी हैं। 30 अप्रैल कोमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दादरी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। वित्तमंत्री दलाल ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता रैली को सफल बनाने के लिए जुट जाएं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार दादरी जिले में आ रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## स्कूलों की प्रत्येक बस को हर माह चेक करें

- किसी भी प्रकार से सड़कों की हालत न हो खराब : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सड़क निर्माण एवं रख रखाव से संबंधित विभाग जिले में रास्तों को सुगम बनाएं और सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थान पर कोई भी सड़क खराब हालत में न हो। इस मामले में कोताही बरतने वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोड सेफ्टी की बैठक के निर्णयों को लेकर कई विभाग गंभीर नहीं है और निर्णयों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट तक नहीं भेजते हैं, ऐसे अधिकारी भविष्य में सुनिश्चित कर लें कि कार्यवाही रिपोर्ट समय पर आए और जो निर्णय बैठक के दौरान लिए जाएं, उन पर समयबद्घ तरीके से काम हो।


चरखी दादरी। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

*कैप लगाकर बसों की फिटनेस रिन्यू की जाए : उन्होंने आरटीए सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले के स्कूलों की प्रत्येक बस हर महीने चैक करें और सुनिश्चित करें कि सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों को लेकर बस में कमी न हो। आरटीए की ओर से विशेष कैंप लगाकर बसों की फिटनेस रिन्यू की जाए। प्रशासन के लिए बिना फिटनेस कोई बस बच्चों को स्कूल तक न पहुंचाए। बच्चों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।*

#### हर माह बसों को लेकर प्रमाण पत्र लेना होगा

बैठक में डीसी ने एक एक करके विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की, जिनमें विभिन्न स्थानों पर सड़कों की खस्ता हालत, असुरक्षित प्वाइंट, सड़क सुधार, रेड लाईट आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शों के अनुसार शिक्षा विभाग को हर महीने स्कूलों से उनकी बसों को लेकर एक प्रमाण पत्र भी लेना होगा, जिसमें बस के साथ साथ चालक का सत्यापन भी होना चाहिए।



भिवानी। आईआईटी जेईई मेन्स में चयनित सर्वम अकेडमी के चार बच्चें।

## आईआईटी जेईई मेन्स में सर्वम अकेडमी के चार बच्चों ने पाई सफलता

**चरखी दादरी।** बुधवार रात्रि को घोषित आईआईटी जेईई मेन्स सत्र दो के परीक्षा परिणाम में रोहतक चौक स्थित सर्वम इंस्टीट्यूट के पांच छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से चार ने सफलता प्राप्त की। अकेडमी के छात्र लोहरवाड़ा निवासी गौरव पुत्र मनोज ने अकेडमी में प्रथम, दादरी के मेजबान चौक निवासी दीक्षित पुत्र संजय ने द्वितीय, धिकाड़ा रोड निवासी ईशा पुत्री धर्मेन्द्र गोयल ने तृतीय, सांवड़ निवासी मयंक पुत्र विरेन्द्र ने अकेडमी में चौथा स्थान प्राप्त कर माता-पिता, दादरी क्षेत्र एवं अकेडमी का नाम गौरवान्वित कर दिया है। अकेडमी के निदेशक अमित मोठसरा ने बताया कि अकेडमी के प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम लगातार शानदार रहे हैं।

### कपास की ढेरी में लगी आग से लाखों का नुकसान

**बहल।** कस्बे की नई अनाज मंडी में एक दुकान में रखी कपास में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से दुकान से आग की लपटें निकलने लगी और चारों और धुंआ फैल गया। आसपास के दुकानदारों की मदद से करीब आधा घंटा बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना मिलने पर सिवानी से फायर बिग्रेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। आगजनी से करीब 30 क्विंटल कपास जलकर राख हो गई। गुरुवार को दोपहर बाद करीब पांच बजे नई अनाज मंडी की महादेव ट्रेडिंग कंपनी की दुकान नंबर 25 में अचानक कपास की ढेरी में आग भडक़ उठी। देखते ही देखते पूरी दुकान धुएं से भर गई और आग की लपटें दुकान के ऊपर तक उठने लगी। आग की सूचना से पूरी मंडी में अफरातफरी मच गई। सरकारी खरीद के चलते मंडी में भारी संख्या में मौजूद किसान और आढती मौके पर पहुंचे।

**कार्यक्रम** संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने के ब्यान के विरोध में उतरी संघर्ष समिति

## ज्ञापन में संविधान व आरक्षण बचाने की गुहार

- संविधान को बदलने का मतलब देश को फिर से गुलामी की ओर धकेलना : तोंदवाल
- एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण ही उनकी तरक्की की उम्मीद : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। विरोध प्रदर्शन करते संघर्ष समिति के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

आजादी के संघर्ष के बाद भारत को सबसे कीमती धरोहर के रूप में संविधान मिला। देश के संविधान ने सभी को समानता, शिक्षा, रोजगार सहित अन्य मौलिक अधिकार देकर प्रत्येक नागरिक के उत्थान में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन अब वर्तमान भाजपा सरकार संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म करने की बात कर रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। सत्तारूढ़ दल के नेताओं द्वारा संविधान को बदलने व आरक्षण को खत्म करने के ब्यान के विरोध में संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मांगेराम तोंदवाल के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने वीरवार को उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर देश के संविधान व आरक्षण को बचाने की मांग की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष मांगेराम तोंदवाल ने कहा कि देश के संविधान को बदलने का मतलब देश को एक बार फिर से गुलामी की ओर धकेलना है। बाबा साहेब ने संविधान के लिए बहुत संघर्ष बलिदान दिया, जिसमें सभी लोगों के हित समाहित है। संविधान सबको बराबरी का हक देकर आगे बढ़ने के समान अवसर देता है, ऐसे में संविधान से छेड़छाड़ का मतलब देश के नागरिकों से उनके हक व अधिकार छीनना है। समिति के प्रवक्ता राजेश चौधरी ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग लोगों ने लंबे समय से पिछड़ेपन की मार झेली है और पिछड़ेपन की दलदल से बाहर निकलने को आरक्षण ही एकमात्र उम्मीद है। इस अवसर पर कैप्टन सूरजभान, मास्टर हरीश गोच्छी, डीके आर्य, पूर्व कस्टम अधिकारी राजेंद्र, पूर्व जिला कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार, सीताराम रंगा, मनजीत लांग्यान, अधिवक्ता सुरेश विधवान, राजपाल नंबरदार, अधिवक्ता राजेंद्र, अधिवता राजकुमार कालुवास, अधिवक्ता भीम तोगड़िया आदि मौजूद रहे।